DATE / /

Tender Heart High School, Sector 33-B, Chandigarh.
Date - Class - IV
Subject - Hindi Language Page - 1
Class teachers - Ms. Roma Rani
Ms. Suman Sharma

'काल की पहचान एवं भेद'

सुप्रभात बच्चो!

यह पाठ 'काल' कक्षा चौथी, हिन्दी व्याकरण का है। बच्चो! यह पाठ आपको 17 अक्तूबर, 2022 को भेजा जाएगा।

प्यारे बच्चो! आज हम इस पाठ में 'काल की पहचान एवं उसके भेद' पढ़ेंगे। इसलिए सभी बच्चे अपने पास हिन्दी की एक अभ्यास पुस्तिका भी रख लें, क्योंकि मैं आपको पाठ के बीच में कुछ कार्य लिखने के लिए भी दूँगी। बच्चो अब मैं आपको 'काल' के विषय में समझाऊँगी। यदि आप तैयार हैं, तो मैं काल के बारे में समझाने जा रही हूँ। सभी बच्चे इसे ध्यानपूर्वक सुनेंगे एवं समझेंगे।

बच्चो! अपने घर की दीवार पर लगी घड़ी को देखें। इस पर चल रहे समय को समझें, इसके लिए आप अपने माता-पिता की सहायता भी ले सकते हैं। बच्चो मेरी घड़ी पर इस समय 9:00 बजे हैं। हो सकता है जब आप इस ऑडियो को सुन रहे हों तो आपकी घड़ी में कुछ और समय हो। इस समय आप कह सकते हो कि मैं हिन्दी में काल पढ़ रहा हूँ या रही हूँ। अब आप सोचो कि आप कल अर्थात् 16 अक्तूबर, 2022 को इसी समय क्या कर रहे थे? सोचो - सोचो और अपनी अभ्यास पुस्तिका पर लिखो।

अब सारे बच्चे सोचो कि आज आप इस समय हिन्दी पढ़ रहे हो तो कल अर्थात् 18 अक्तूबर, 2022 को क्या कर रहे होगे?

DATE / /

Date -                                  Class - IV

Subject - Hindi Language                Page - 2

Class teachers - Ms. Roma Rani.
Ms. Suman Sharma

हो सकता है कोई गणित पढ़ रहा हो या हो सकता है खेल रहा हो।

बच्चो! इस गतिविधि में आपने देखा कि आप इस समय हिन्दी पढ़ रहे हैं। बीते हुए कल में आप कुछ अलग कर रहे थे और आने वाले कल में भी आप कुछ और कर रहे होंगे।

इस प्रकार :-

क्रिया के जिस रूप से उसके होने के समय का बोध हो, उसे काल कहते हैं।

क्रिया का अर्थ है- किसी कार्य का होना। जैसे :- पढ़ना, लिखना, बोलना, चलना और हँसना आदि।

बच्चो! मैंने आपको काल के बारे में जो समझाया है उसके आधार पर मैं आपको कुछ प्रश्न दूँगी। अब आप यहाँ तीन मिनट का अंतराल लेंगे और इन प्रश्नों के उत्तर अपनी अभ्यास पुस्तिका में लिखेंगे।

प्रश्न1. घड़ी से हमें क्या पता चलता है?

प्रश्न2. क्रिया के जिस रूप से उसके होने के समय का पता चले उसे क्या कहते हैं?

प्रश्न3. राधा खाना खा रही है। इस वाक्य में किन शब्दों से काम के होने के समय का पता चलता है?

बच्चो! अब आप ऑडियो को तीन मिनट के लिए बंद करेंगे और इन प्रश्नों के उत्तर अपनी अभ्यास पुस्तिका में लिखेंगे।

अब आपका समय समाप्त हो गया है। अब मैं आपको इन प्रश्नों के उत्तर बताऊँगी।

B+

DATE / /

Date -                    Class - IV

Subject - Hindi Language     Page - 3

Class Teachers - Ms. Roma Rani

Ms. Suman Sharma

उत्तर1. समय

उत्तर2. काल

उत्तर3. रही है

बच्चो! अब हम काल के भेद पढ़ेंगे। आप सभी इन्हें ध्यान से सुनेंगे एवं समझेंगे।

काल के तीन भेद होते हैं।

काल

- भूतकाल
- वर्तमान काल
- भविष्यत् काल

सबसे पहले हम भूतकाल के बारे में जानेंगे।

<u>भूतकाल</u> :- बच्चो क्रिया के जिस रूप से उसके बीते हुए समय में होने का बोध हो, उसे भूतकाल कहते हैं।

<u>जैसे</u> :-
- मैं पुस्तकालय गई थी।
- बंदर पेड़ से कूद गया।
- सरिता एक कहानी लिख रही थी।
- राज ने खाना खाया।

<u>वर्तमान काल</u> :- क्रिया के जिस रूप से कार्य के वर्तमान समय में होने का बोध हो, उसे वर्तमान काल कहते हैं।

<u>जैसे</u> :-
- बच्चे मैदान में खेल रहे हैं।
- शिवानी कविता सुना रही है।
- हम बाजार जा रहे हैं।
- माली पौधों को पानी दे रहा है।

DATE / /

Date - Class - IV
Subject - Hindi Language Page - 4
Class Teachers - Ms. Roma Rani.
Ms. Suman Sharma

बच्चो! मैंने आपको काल के दो भेद भूतकाल एवं वर्तमान काल करवा दिए हैं। अब मैं आपको इसके आधार पर कुछ प्रश्न दूँगी। अब आप यहाँ तीन मिनट का अंतराल लेंगे और इन सभी प्रश्नों के उत्तर अपनी अभ्यास पुस्तिका में लिखेंगे।

प्रश्न1. काल के कितने भेद हैं?

प्रश्न2. मैं आज विद्यालय गई थी। वाक्य में काल के भेद का नाम लिखें।

प्रश्न3. वर्तमान काल की एक उदाहरण लिखें।

प्रश्न4. भूतकाल किसे कहते हैं?

बच्चो! अब आप अपनी ऑडियो को तीन मिनट के लिए बंद करोगे और इन प्रश्नों के उत्तर अपनी अभ्यास पुस्तिका में लिखेंगे।

बच्चो! अब आपका समय समाप्त हो गया है। अब मैं आपको इन प्रश्नों के उत्तर बताऊँगी।

उत्तर1. काल के तीन भेद हैं।
भूतकाल, वर्तमान काल, भविष्यत् काल।

उत्तर2. भूतकाल

उत्तर3. मैं स्कूल जा रही हूँ।

उत्तर4 बीता हुआ काल अर्थात् समय।

बच्चो! अब हम काल के तीसरे भेद के बारे में समझेंगे।

<u>भविष्यत् काल</u> :- क्रिया के जिस रूप से कार्य के आने वाले समय में होने का बोध हो, उसे भविष्यत् काल कहते हैं।

<u>जैसे</u> :-
- कल क्रिकेट मैच होगा।
- शाम को पिता जी मिठाई लाएँगे।

Date -  Class - IV
Subject - Hindi Language  Page - 5
Class Teachers. Ms. Roma Rani.
Ms. Suman Sharma

- मैं और मेरा भाई रविवार को घूमने जाएँगे।
- श्यामा बाजार से सब्जी लाएगी।

प्यारे बच्चो! मैंने आपको काल एवं उसके भेद समझा दिए हैं। आप इस ऑडियो को दो से तीन बार ध्यान से सुनें एवं समझें। मेरा अभिभावकों से भी अनुरोध है कि वे बच्चों को अपने पास बैठाकर यह ऑडियो सुनाएँ एवं काल को समझने में उनकी सहायता करें।

अब मैं आपको गृहकार्य दूँगी जिसे आप अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका में लिखेंगे।

गृह कार्य :-

प्रश्न1. काल की परिभाषा लिखें ?

प्रश्न2. काल के कितने भेद हैं उदाहरण सहित लिखें ?

प्रश्न3. निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया के काल का नाम लिखिए :-

1. बच्चे कक्षा में शैतानी कर रहे थे।
2. सन्ध्या कहानी सुना रही है।
3. पिता जी अखबार पढ़ रहे हैं।
4. आज सभा में सचिन गीत गाएगा।
5. मेरा गृहकार्य समाप्त हो गया।
6. आज बहुत तेज़ वर्षा हुई।
7. वह कल मेरे घर आएगा।
8. जानवर पानी पीने तालाब की ओर जा रहे हैं।

बच्चो! यह कार्य आप अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका में सुंदर लिखाई में लिखेंगे। आपको इसके उत्तर वीरवार को भेजे जाएँगे।

धन्यवाद।

Last page.